वित्त अधिकारी
**Finance Officer**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ-226007 (उ0प्र0) भारत
दूरभाष-0522-2740402, 2740081 मो0 : +91-7991200502

University of Lucknow, Lucknow-226007 (U.P.) India
Telephone No. (Off.) 0522-2740402, 2740081
Mobile No. : +91-7991200502
E-mail ID : financeofficer.lulko@gmail.com

संदर्भ संख्या/Reference No. 360/-99-/FO

दिनांक/Date 21-01-2020

सेवा में,

अनुस्मारक–2

समस्त प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
लखनऊ विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय,
लखनऊ।

**विषय– महाविद्यालयों द्वारा विविध शुल्कों के भुगतान के संबंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय अपने 'परीक्षा संबंधी विविध शुल्कों' जैसे बैक पेपर/परीक्षा शुल्क/एक्जेम्पटेड आदि का भुगतान विश्वविद्यालय के ऑनलाईन फीस प्रणाली के माध्यम किये जाने हेतु इस कार्यालय के पत्र सं 460–510/एफओ दिनांक 04 जून 2016 एवं 2165/एफओ दिनांक 11.10.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। पत्र द्वारा सूचित किया गया था कि समस्त संबद्ध महाविद्यालय उपरोक्त शुल्क लखनऊ विश्वविद्यालय के वेबसाईट lkouniv.ac.in पर उपलब्ध लिंक Online Fees submission के माध्यम से नेटबैंकिंग/ डेबिट व क्रेडिट कार्ड/ आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. अथवा एच.डी.एफ.सी. के किसी शाखा में वेबसाईट के माध्यम से प्रिंटेड चालान के साथ कैश के माध्यम से जमा कर सकते हैं। ऑनलाईन फीस जमा करने हेतु पूर्व की भांति उपरोक्त मदों की देय धनराशि की जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग/कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त करनी होगी जिसके पश्चात विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर ऑनलाईन फीस संबंधी लिंक द्वारा उपरोक्त वर्णित किसी माध्यम द्वारा शुल्क जमा किया जा सकता है। संबद्ध महाविद्यालय अपने आर.टी.जी.एस/ एन.ई.एफ.टी. का चालान विश्वविद्यालय के उपरोक्त वेबसाईट द्वारा निकालकर किसी भी प्रकार के विविध फीस अपने बैंक खाते के माध्यम से आरटीजीएस/ एन.ई.एफ.टी कर सकते हैं। शुल्क जमा करने की प्रक्रिया विस्तृत रूप से वेबसाईट पर उपलब्ध कराई गई है। शुल्क रसीद पूर्व की भांति प्री–प्रिंटेड रसीद पर न होकर सादे कागज पर निकाली

कृ0पृ0उ0

जायेगी जिसे महाविद्यालय स्वयं प्रिंट कर सकते हैं। रसीद की प्रति पोर्टल द्वारा संबंधित को स्वतः ही उनके ई–मेल पर भी प्रेषित की जायेगी। शुल्क की पुष्टि रसीद पर अंकित संदर्भ संख्या का मिलान उस रसीद के वेबसाईट पर उपलब्ध संदर्भ संख्या से करके किया जा सकता है। वर्तमान में महाविद्यालय अपने परीक्षा व बैक पेपर आदि शुल्कों का भुगतान आरटीजीएस / एनईएफटी की रसीद कैशियर कार्यालय से रसीद प्राप्त करते हैं। यह प्रक्रिया दिनांक 30 जनवरी 2020 से समाप्त कर दी जायेगी। अतः समस्त संबद्ध महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा संबंधी सभी शुल्कों का भुगतान उपरोक्त वर्णित विधि द्वारा ही किया जाये। यदि कोई महाविद्यालय इससे संबंधित भुगतान बैंक द्वारा सीधे आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से उपरोक्त तिथि के उपरांत करता है तो उसकी रसीद कैशियर कार्यालय द्वारा नहीं जारी की जायेगी।

भवदीय

/

(संजय श्रीवास्तव )
वित्त अधिकारी

पत्रांकः 3107-ब/F/2020 दिनांक उक्तवत।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय।
2. परीक्षा नियंत्रक को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से समस्त संबद्ध महाविद्यालयों को सूचित करने का कष्ट करें कि वे परीक्षा संबंधी समस्त प्रकार के शुल्क बैंको द्वारा सीधे आरटीजीएस न कर उपरोक्त विधि से विश्वविद्यालय के पोर्टल से चालान निकलवाकर उसके द्वारा ही आरटीजीएस अथवा उपरोक्त वर्णित माध्यमों से भुगतान करायें।
3. लेखाधिकारी,लेखा कार्यालय।
4. सहायक कुलसचिव, लेखा।
5. प्रभारी, वेबसाईट / डीटीपी सेल को इस आशय से प्रेषित कि वे इस पत्र को समस्त महाविद्यालयों के सूचनार्थ वेबसाईट पर उपलब्ध करायें।
6. कैश अधीक्षक, प्रथम व द्वितीय परिसर, कैशियर कार्यालय।

( संजय श्रीवास्तव)
वित्त अधिकारी